<u>अति महत्वपूर्ण/तत्काल</u>

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र
की फार्मेसी संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/अनु0–6/2024/1813 लखनऊः दिनांकः 20/06/2024

विषयः <u>परिषद द्वारा आयोजित डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम की वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 के सुचितापूर्ण संचालन के संबंध में।</u>

महोदय,

उपरोक्त विषयक सूच्य है कि परिषद द्वारा आयोजित डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम की वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून 2024, की परीक्षा दिनांक 22.06.2024 से 30.06.2024 के मध्य परिषद द्वारा निर्धारित राजकीय/अनुदानित पालीटेक्निकों के साथ–साथ माध्यमिक शिक्षा परिषद के राजकीय इण्टर कॉलेजों में होना सुनिश्चित है।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड संस्थाओं की ई0 मेल0 आई0 डी0 पर प्रेषित कर दिये गये हैं। उक्त के अनुक्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 21.06.2024 के सांय 05:00 बजे तक अपनी संस्था के समस्त छात्र/छात्रा को प्रवेश पत्र हस्तगत कराना सुनिश्चित करें। किसी छात्र/छात्रा द्वारा यदि परिषद कार्यालय में शिकायत की जाती है कि संस्था द्वारा उसे प्रवेश पत्र नहीं दिया जा रहा है, तो इसे परिषद द्वारा गंभीरता से लिया जाएगा। यदि किसी संस्था को एडमिट कार्ड प्राप्त नही होते हैं तो अनुभाग 3 की ई0 मेल0 आई0 डी0 bteanu3@gmail.com पर तत्काल संस्था कोड एवं संस्था की सही ई0 मेल0 आई0 डी0 सहित सूचित करना सुनिश्चित करें, ताकि समयान्तर्गत छात्र/छात्राओ को एडमिट कार्ड प्राप्त कराने की कार्यवाही पूर्ण हो सके।

उक्त के दृष्टिगत आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने संस्थान के छात्र/छात्राओं को दिनांक 21.06.2024 के सांय 05:00 बजे तक प्रवेश पत्र हस्तगत करा दें, जिससे कि कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित न रह जाए।

भवदीय,
(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0सं0ः प्राशिप/अनु0–6/2024/1814–17 तद्दिनांकः 20/06/2024

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त की सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।